Defence Research and Production Cooperation

6. Defence research and production cooperation will also be an integral part of our bilateral defence relationship. Existing technical and production co-operation activities, such as the cooperation in India's Light Combat Aircraft (L.C.A) programme, have been encouraging will be continued. The scope and content of further expansion of co operative defence research and production activities, in accordance with the laws, policies and agreements of each country, will be developed by a Joint Technical Group (JTG) composed of senior professionals from the two countries. To ensure consistency with the development of the overall bilateral relationship, the MOD-OSD Policy Group will provide appropriate policy guidance to the JTG. The first JTG meeting will follow the MOD-OSD Policy Group meeting scheduled for Spring of 1995.

Protection of Classified Information

7. In order to promote defence co-operation
activities, the two sides will begin early consultations with a view to arriving at a bilateral agreement on the mutual protection
of classified information.

Signed at New Delhi on January 12, 1995 in two copies in English, each being equally outhentic.

FOR AND ON BEHALF
FOR AND ON BEHALF OF THE GOVERNMENT OF OF THE GOVERNMENT OF THE INDIA UNITED STATES OF AMERICA

लोक-नायक सेतु के निर्माण को पूरा किया जाना

671. **श्री राम जेठमलानी** :

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या दिल्ली में यमुना नदी पर कई वर्षो से निर्माणाधीन लोक-नायक सेतु के 1996 के अंत तक बनकर पूरा हो जाने की संभावना हैं;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना पर कुल कितनी राशि व्यय होने का अनुमान हैं तथा यह राशि परियोजना की मूल निर्माण-लागत से कितनी अधिक हैं;

(ग) क्या यह भी सच हैं कि इस परियोजना के अंतर्गत सेतु के दोनों ओर सड़कों का अतिरिक्त निर्माण करने का प्रावधान किया गया था ताकि इस सेतु का समुचित उपयोग हो सके; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और उन सड़को का निर्माण नहीं करने के क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एम. राजसेकर मूर्ति) : (क) जी हां।

(ख) इस परियोजना की संस्वीकृत राशि 2578 लाख रू. है और इस पर 4420 लाख रू. की लागत आने की संभावना हैं।

(ग) जी हां।

(घ) पुल के दोनों ओर सड़को के निर्माण का प्रावधान हैं। इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं और पुल के साथ इसके पूरे हो जाने की उम्मीद हैं।

दिल्ली में अपराधियों द्वारा कारों में रंगीन शीशे का कथित प्रयोग

672. **श्री नागमणि** :

चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सड़को पर अपराधी रंगीन शीशे वाली कारों में घूम रहे हैं;

(ख) दिल्ली में कारों के शीशे कितने प्रतिशत पारदर्शी होने चाहिए;

(ग) क्या पुलिस के पास ऐसे शीशे की पारदर्शिता मापने के लिए कोई उपकरण हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो.एम. कामसन) : (क) दिल्ली में पिछले छह महीनों, अर्थात् 1.8.95 से 28.2.96 तक के दौरान ऐसा कोई मामला सूचित नहीं हुआ हैं।

(ख) मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 100(2) के उपबन्धों के अधीन, प्रत्येक मोटर-वाहन के विण्ड स्क्रीन और खिड़कियों के शीशे ऐसे होने तथा बनाए रखे जाने चाहिए कि वे पूर्णत: पारदर्शी हों तथा जिसके अन्दर से बाहर तथा बाहर से अन्दर स्पष्ट दिखाई देता हो।